## संक्षिप्त

### बाटड़ का करेंगे अभिनंदन

**सीकर।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ 8 फरवरी शनिवार को जन अभिनंदन यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बाटड़ का भाजपा कार्यालय से लेकर लक्ष्मणगढ़ तक विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन व स्वागत करेंगे। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ शनिवार को सुबह 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय से प्रस्थान करेंगे। यहीं से उनका अभिनंदन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिलाध्यक्ष का सुबह 11.15 बजे नानी बाईपास, 11.30 बजे होटल हवेली भढ़ाढर, 11.40 बजे रसीदपुरा बस स्टेंड, 11.50 बजे टोल प्लाजा, दोपहर 12 बजे खुडी बस स्टेंड, 12.15 बजे घस्सु बस स्टेंड, 12.30 बजे नरोदड़ा बस स्टेंड, 12.45 बजे चौधरी पेट्रोल पंप व दोपहर एक बजे मुरारका बस डिपो पर भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन करेंगे।

### बाटड़ का स्वागत

**सीकर।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ का परशुराम पार्क में शुक्रवार को विभिन्न व्यापारी संघों की तरफ से स्वागत किया गया। व्यापार संघों के पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। व्यापार संघ के संस्थापक राधेश्याम पारीक, अध्यक्ष दयाल सिंह शेखावत, महामंत्री कैलाश स्वामी, पिपराली रोड व्यापार संघ के अध्यक्ष सुनिल कौशिक, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान सिंह राहड, मेघाराम साचिव, रविंद्र भार्गव, गौसेविका ज्योति तनवानी, राणीसती रोड व्यापार संघ के अध्यक्ष रामचंद्र चौघरी, गौरी शंकर शर्मा, ज्योत्सना वर्मा, सरिता पेशवानी, शंकरलाल सोनी, पवन शर्मा, साहिल भार्गव, विकास भार्गव साहित काफी संख्या में व्यापारियों मौजूद रहे।

### मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**चूरू।** बाबा रामदेव जयंती शुक्रवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ज्ञात रहे कि माघ शुक्ल दशमी को प्रतिवर्ष बाबा रामदेव जयंती पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिला मुख्यालय के वार्ड 55 स्थित मोचीवाड़ा रामदेव मंदिर में शुक्रवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। पुजारी महावीर गोस्वामी ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हुआ था, जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर मंदिर की भव्य सजावट की गई। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के धोक लगाकर अंचल में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर एडवोकेट आशीष कुमार, राकेश प्रजापत, राकेश सैनी, विष्णु, ऋषभ पंडित, रवि, कमल, लक्की, अजय, विशाल, रविराज गहलोत सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोगी भूमिका निभाई।

### समीक्षा बैठक 10 को

**सीकर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राजस्थान सम्पर्क पर लम्बित परिवेदनाओं के निस्तारण एवं निस्तारण से सन्तुष्टि स्तर की प्रगति के सम्बन्ध में समस्त विभागीय अधिकारियों की वी.सी. जिला कलेक्ट्रेट हॉल में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 10 फरवरी 2025 सोमवार को सायं 5 बजे से सायं 7 बजे तक आयोजित आयोजित की जावेगी। उन्होंने बताया कि जिन उपखण्ड, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की प्रगति न्यून पायी जायेगी उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने समस्त जिला,उपखण्ड, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वी.सी.से पूर्व दो दिवस में सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित परिवेदनाओं का अधिक से अधिक निस्तारण सुनिश्चित करावें।

### 'भ्रामक सूचनाओं में नहीं आवें'

**सीकर।** सहायक श्रम आयुक्त सीकर अरूणा शर्मा ने बताया कि योजना एवं पंजीयन के पैसे दिलवाने के लिए अज्ञात व्यक्ति के द्वारा श्रम विभाग का कर्मचारी बताते हुए मोबाईल नम्बर 9257672818 से कई व्यक्तियों के पास फोन आ रहे है। उन्होंने बताया कि सहायक श्रम आयुक्त विभाग द्वारा किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में अधिकृत नहीं किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह एक भ्रामक सूचना है इसके बहकावे में कोई भी व्यक्ति नहीं आवें। वर्तमान में विभाग के सक्षम स्तर से योजना एवं पंजीकरण के तहत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण नियमानुसार वरीयता क्रम में किया जाता है।

# चूरू के अग्रसेन नगर आर.ओ.बी. की डिजाइन में परिवर्तन का विरोध

**चूरू।** रतन नगर ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति के बाद ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत से ओवरब्रिज का डिजाइन परिवर्तन करने के विरोध में शुक्रवार को पीपुल यूनिटी संस्था के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत

■ ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत का लगाया आरोप

से रतन नगर ओवरब्रिज का डिजाइन में परिवर्तन कर फोर लेन की जगह टू लेन कर दिया है। जिससे आमजन को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि अठासेन नगर आरओबी के भी यही हालात है। ज्ञापन में बताया कि इस पुलिया का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था, परन्तु जो डिजाइन स्वीकृत हुई थी, उसमें ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत से इसमें परिवर्तन कर दिया गया है, इसका खामियाजा आमजन को भुगतना होगा। जो नियमों के विरुद्ध है। संस्थान के जिलाध्यक्ष रघुनाथ खेमका ने बताया कि फोरलेन से टूलेन करने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ेगी। चूरू-जयपुर आरओबी अनुपयोगी होने के कारण सभी भारी वाहन इस पुलिया से ही होकर गुजरेंगे, जिससे यातायात बाधित होगा। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए यहां यात्री भार भी बढ़ेगा और यह पुल भी अनुपयोगी हो जाएगा। ज्ञापन में मांग की गई कि पहले जो फोरलेन आरओबी स्वीकृत हुआ है, उसी के अनुसार ही कार्य करवाया जाए। खेमका ने बताया कि दुर्भाग्य तो इस बात का है कि यह इससे पहले चूरू-जयपुर मार्ग पर बनाया गया आरओबी भी अनुपयोगी पड़ा है, वहां आज भी भारी वाहनों का आवागमन बाधित है। इस कारण से जयपुर से आने वाले सभी भारी वाहन अठासेन होकर ही गुजरते हैं।



पिपुल यूनिटी संस्थान ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

## जिलाध्यक्ष बाटड़ का करेंगे अभिनंदन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त सीकर जिला अध्यक्ष का 8 फरवरी को लक्ष्मनगढ भाजपा की ओर से अभिनंदन किया जाएगा। इस आशय का निर्णय बुधवार को गौड़ ब्राह्मण भवन में लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र के भाजपाइयों की खूडी भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवबक्स राम बगड़िया की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में लिया गया।

आयोजित मीटिंग में लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों व मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर व पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मीटिंग में शिवबक्स ज बगड़िया, शहर मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार, बलारां मण्डल अध्यक्ष भरत सरावग, पाटोदा मण्डल अध्यक्ष परमेश्वर लाल शर्मा, नेछवा मण्डल अध्यक्ष प्रदीप सारण, खुड़ी मण्डल अध्यक्ष प्रवीण स्वामी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, महेश शर्मा, रामोतार ब्यास, अमित शर्मा, प्यारे लाल कटारिया, सुधांशु दाधीच, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया, आनंद चूड़ीवाला, विकास धायल, हंसराज बेदी,गणेश ख्यालिया, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### कार्यक्रम को रुचिकर बनाएं : शर्मा



साक्षरता कार्यक्रम के तहत कलेक्टर मुकुल शर्मा की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित हुई।

**सीकर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की उपस्थिति में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान उपस्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ब्लॉक समन्वयक संदर्भ व्यक्तियों उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम के संबंध में बुनियादी साक्षरता एवं कौशल ज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा को पदोन्नित होने पर उनका अभिनंदन एवं मान-सम्मान किया गया। जिला साक्षरता अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश महर्षि ने कार्यशाला की रूपरेखा बताते हुए साक्षरता विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों की विस्तार से जानकारी दी। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिला स्तर के बाद ब्लॉक स्तर एवं पीईईओ लेवल पर भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य असाक्षर लोगों को साक्षर बनाकर उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं कौशल ज्ञान प्रदान करना है। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी नवाचार करते हुए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को रुचिकर बनाएं ताकि असाक्षर बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। आमुखीकरण कार्यशाला में मुनेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य व रवि जोशी संदर्भ व्यक्ति पिपराली ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान यूआईटी सचिव जेपी गौड़, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार गढ़वाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, संदर्भ व्यक्ति, ब्लॉक समन्वयक साक्षरता, ज़िला सलाहकार(समसा) योगिता पवन शर्मा सहायक परियोजना अधिकारी राजेंद्र महला, सूचना सहायक मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक दिनेश सैनी, भारत सैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र पाल सहायक परियोजना अधिकारी ने किया।

### बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल दी

**उदयपुरवाटी।** निसं। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागोरियाँ की ढाणी में प्रधानाचार्य आशा टांक की अध्यक्षता में निःशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 9 में अध्ययनरत बालिकाओं को राज्य सरकार की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशा टांक ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से बालिकाएं अपने आप में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेंगी। कार्यक्रम में पंचायत शिक्षक बीरबल सैनी ने विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए। प्राचार्य महेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है। इस दौरान व्याख्याता अनिता सैनी, गजानंद मीणा, माया सैनी, कांता, राजेश चेजारा, अमित कुमार, राजेंद्र स्वामी, राजूराम, हनुमान प्रसाद सैनी, मुकेश मीणा नरोत्तम, विजय माथुर, जितेंद्र सिंह कल्याण सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देंगे

**सीकर।** स्थानीय स्काउट भवन में आयोजित स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन्न पर रिसोर्स पर्सन सुरेश कुमार भास्कर ने अपने उध्बोधन में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस के एम्बेसडर को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह भारत सरकार की एक पहल हैं, इसका उद्देश्य स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना है, इस दिशा में आपको विशेष प्रयास करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए आदर्श नागरिक तैयार करने की ज़िमेदारी निभानी हैं। स्कूल हैल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के तहत ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय से दो-दो शिक्षकों को एम्बेसडर नियुक्त कर प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित स्कूल हैल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम अम्बेसडर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान करने का कार्य करेंगे।इसी प्रकार कक्षा 6 से 12 तक की प्रत्येक कक्षा से दो-दो मेधावी विद्यार्थियों का एक बालक एक बालिका का मैसेंजर के रूप में चयन किया जायेगा।जो बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के साथ साथ स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की गतिविधियों के आयोजन कर सामुदायिक जागरूकता के संदेश वाहक के रूप में कार्य करेंगे।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी श्रीपाल ढाका ,मास्टर ट्रेनर डॉ हरिकृष्ण ताखर ,कैलाशचंद्र शर्मा,शारीरिक शिक्षक मनफूल बगड़िया,ओमप्रकाश उपस्थित रहें।

### सर्वेश्रेष्ठ अवॉर्ड से सम्मानित

**चूरू।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डॉ. समित शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने पर चूरू महासभा जिलाध्यक्ष नीरज जांगिड़ को सर्वेश्रेष्ठ जिला अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि सेवा करने वालों का हमेशा सम्मान होता है, इस तरह चूरू जिलाध्यक्ष नीरज जांगिड़ को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ जिला अवॉर्ड से सम्मानित किया है, जिससे प्रोत्साहित होकर सम्पूर्ण चूरू जिला और अच्छे कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जांगिड़ समाज जागरूक होने के साथ ही तकनीक में श्रेष्ठ और स्वाभिमानी समाज है।

## भारतीय नागरिकों का अपमान करने का विरोध, मोदी का फूंका पुतला

**चूरू।** अखिल भारतीय कांठोस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के निर्देशानुसार चूरू जिला कांठोस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ के नेतृत्व में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सामने अमेरिका से भारतीय नागरिकों को अमानवीय तरीके से भारत भेजने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूतला फूंककर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांठोस कार्यकर्ताओं ने देश का अपमान नहीं सहेंगे और मोदी सरकार हाय-हाय के जमकर नारे लगाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इन्द्राज खिचड ने कहा कि अमेरिका से भारतीय नागरिकों को जिस अमानवीय तरीकें से भारत भेजा गया है। उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में जंजीर थी, ये बेहद ही शर्मनाक घटना है। ये विश्व पटल पर भारत और भारतीयों का अपमान है। उन्होंने कहा कि अभी तो 104 लोगों को निकाला गया है, जबकि अमेरिका में साढ़े सात लाख भारतीय रहते हैं। इनमें बडी संख्या में छात्र है। क्या उनके साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीयों को वापस लाया गया, वह सरकार की कमजोरी का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीयों को अपराधियों की तरह हथकडी लगाकर वापस लाया गया। हम देश का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की प्रतिष्ठा से ज्यादा उनकी व्यक्तिगत छवि महत्वपूर्ण है। इस दौरान चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, प्रदेश सचिव रामजीलाल शर्मा, गोविन्द महनसरिया, आदूराम न्यौल, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, नारायण बालाण, जमील चौहान, सीताराम खटीक, अबरार खां, लालचंद सैनी, अजीज दिलावरखानी, बालीबाई, विनोद खटीक, सदीक लीलगर, हरफूल भाम्भू, युसुफ लुहार, घनष्याम अलवरिया, भूराराम भाटिया, मोहन टेलर, जयचंद मेघवाल, आमीन खां, नवाब खां, डूंगरसिंह राठौड, विकास बुडानिया, प्रमेन्द्र सिहाग, युनस खां, सोयल डीके, इस्माईल भाटी, अजीज गौरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**सीकर।** राजस्थानी फिल्मों के लेखक व संवाद लेखक गीतकार अभिनेता कुंदन किशोर की पुण्यतिथि के अवसर पर शेखावाटी की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। कुंदन किशोर स्मृति संस्थान के संरक्षक जगदीश प्रसाद चौकड़ीका,अध्यक्ष जानकी प्रसाद इंदौरिया व मंत्री नरेश सैन ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा चिकित्सा समाजसेवा व गौ सेवा में समर्पित भाव से कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रामलीला रंगमंच के पीछे स्थित श्री कल्याण बाल मंदिर विधालय में आठ फरवरी सुबह सवा ग्यारह बजे से आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम में पावन सानिध्य लोहार्गल सूर्य मंदिर मठ पीठाधीश्वर स्वामी श्री अवधेशाचार्य जी महाराज मुख्य अतिथि भाजपा नेता पवन जोशी व गौ सेवक आनंद सिहोटिया होगें। मुख्य वक्ता पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश शर्मा होंगे। अध्यक्षता समाजसेवी पन्ना लाल सारडा करेंगे। विशिष्ट अतिथि कांठोस कमेटी सीकर के जिला उपाध्यक्ष मौहर सिंह गौड, पार्षद शंकर लाल सांखला होंगे।

## पूर्व विधायक मोहन लाल मोदी को याद किया

**पाटन।** नीमकाथाना छावनी स्थित आवास पर पूर्व विधायक मोहन लाल मोदी की 8 वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में कार्यकार्ता और क्षेत्रवासीयों ने पूर्व विधायक स्वर्गीय मोदी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर पुन्य तिथि मनाई। कार्यक्रम में स्व. मोदी के कार्य एवं स्मरण पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

राधेश्याम शर्मा ने कहा कि स्व. मोदी महान विचार के धनी, वचन के पक्के, गरीब, असहाय और किसानो के हमदर्द, सच्चे और नेक इन्सान ईमानदार विधायक के रूप में पहचाने जाते थे। इसी ईमानदारी के चलते नीमकाथाना क्षेत्र की जनता ने स्व. मोदी को 4 बार विधायक बनाया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी स्व. मोदी को कहा था की 200 विधायको में से मोदी एक ईमानदार विधायक थे। नीमकाथाना विधायक सभा के सभी लोग स्व मोदी को बाबूजी के नाम से सम्बोधित कर समान देते थे।आदरणीय बाबूजी कार्यकर्ताओं के सच्चे हितैषी और हमेशा जनता की सेवा को समर्पित रहे, उनका प्यार और अपनापन सदैव हमारे दिलों में जीवंत रहेगा। बाबूजी ने न केवल राजनीति में बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी अपार योगदान दिया था। वे हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों और कमजोर वर्गों के पक्ष में खड़े रहते थे। उनका आदर्श, उनकी सादगी और उनके नेतृत्व की शैली आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।बाबूजी का हर निर्णय जनता की भलाई के लिए रहा था और उन्होंने हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को ईमानदारी और मेहनत की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ काम करना एक सम्मान की बात थी, और उनकी उपस्थिति में हर कोई अपने कर्तव्यों को और अधिक निष्ठा से निभाने के लिए प्रेरित होता था। आज उनकी पुण्यतिथि पर, क्षेत्रवासियों ने केवल श्रद्धांजलि अर्पित नहीं की, बल्कि उनके द्वारा छोड़ी गई प्रेरणाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। उनके कार्यों को आगे बढ़ाने और उनके विचारों को फैलाने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम बाबूजी के दिखाए मार्ग पर चलकर अपने क्षेत्र और समाज के विकास में योगदान दें।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**झुंझुनूं।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आ ान पर संयुक्त महासंघ झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह महला के नेतृत्व में 11 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर मुख्य सचिव के नाम जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के मांग पत्र में उल्लेखित प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की प्रशासनिक एवं वित्तीय मांगों पर शासन एवं सरकार की संवेदनहीनता आश्चर्यजनक है। साथ ही खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति निवारण समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से प्रदेश के कर्मचारियों में भारी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। अन्य मुख्य मांगों में पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त कर राज्य कर्मचारियों के 53000 करोड़ रुपए वापस जीपीएफ खाते में जमा करने, राजस्थान में परिभाषित पुरानी पेंशन योजना जारी रखने, कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर वर्ष 2013 की अनुसूची पांच के अनुसार सातवें वेतन आयोग में वेतन निर्धारण किया।

# नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर हड़ताल जारी

**पाटन।** नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर 39 वें दिन भी हड़ताल जारी रही, जिसमें भूख हडताल पर कुरबड़ा से सूबेदार ग्यारसी लाल गुर्जर, देवेन्द्र सिंह, बलवंत यादव, उगम सिंह, बनवारी कालावत, नरेन्द्र नटवाडिया, छाजा की नांगल से दिनेश यादव, नरेश पाल, मिठन लाल, राजेश कुमार, लीलाराम, रतिराम, शिवदत ने धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

■ 'नीमकाथाना को जिला बनाने से आर्थिक और सामाजिक विकास में काफी सुधार था अब इसे हटाने से यहां के नागरिकों की खुशहाली पर प्रतिकूल असर पड़ेगा'

नीमकाथाना को जिला बनाने से यहां के आर्थिक और सामाजिक विकास में काफी सुधार था और अब इसे हटाने से यहां के नागरिकों की खुशहाली पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

नीमकाथाना जिले के पुनर्गठन के लिए यह जनसभा एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है, क्योकि इससे स्थानीय जनता की एकजुटता और संघर्ष का पता चलता है। अब यह देखना बाकी है कि सरकार इस विरोध को किस तरह से देखती है और इस पर क्या निर्णय लेती है।विभिन्न राजनीतिक दलो और समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने भी अपनी आवाज उठाई और नीमकाथाना जिले को फिर से बहाल करने के लिए संयुक्त संघर्ष का संकल्प लिया।

जनसभा में यह संदेश साफ था कि यह मुदा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि जनता का अधिकार और उनका भविष्य है।धरने पर बैठे लोगो में जोश देखा गया और उनकी एकजुटता में निरंतर बढोतरी हो रही है।

लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन धीरे-धीरे इस आंदोलन से जुड़ रहे है, जिससे इसका प्रभाव और भी व्यापक हो रहा है।

यह समर्थन आंदोलन को मजबूती प्रदान कर रहा है और आगे भी इससे जुडे लोग इस संघर्ष को निरंतर जारी रखने का संकल्प ले रहे है। कई प्रमुख नेता भी इस आंदोलन के समर्थन मे सामने आए है, जिससे आंदोलन को और अधिक मजबूती मिल रही है।

लोग अब इस संघर्ष को सिर्फ एक पेशेवर मुद्दा नहीं, बल्कि एक जनांदोलन के रूप में देख रहे है। राधेश्याम जांगिड़, रणजीत वर्मा, विजय यादव, रामनिवास यादव, लीलाराम, राजेश नेहरा, शिवदत, नरेशपाल यादव, श्रीराम यादव, मनोहर यादव, मुकेश अठावाल, बजरंग अठावाल, कुलदीप चेतानी, बलदेव यादव, रामजीलाल सैनी, श्रीचन्द सैनी, राजेन्द्र सिंह आर्य, मदनलाल सैनी, अशोक कटारिया ने संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया।

## हथकड़ी और जंजीर बांधकर भेजे गए भारतीय : सुंडा

**झुंझुनूं।** अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार पर मोदी सरकार की खामोशी के विरोध में कांठोस के आव्हान पर झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया।

वहीं प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए दिनेश सुंडा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में विदेशों में धाक बढ ने का दावा लगातार भाजपा के द्वारा किया जाता रहा है। लेकिन अब धाक के दावे खोखले निकल आए है। एक तरफ जहां अमेरिका ने भारतीय नागरिकों के हाथों में हथकडी और पैरों में जंजीर बांधकर वापिस भारत भेज दिया। तो वहीं दूसरी तरह डॉलर के मुकाबले भारतीय रूपया अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

## आशीष शर्मा व पंकज कुमार का स्वागत

**लक्ष्मनगढ शेखावाटी।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्रों रोवर आशीष शर्मा एवं पंकज कुमार को तमिलनाडु में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी शिविर पूर्ण कर आने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत व रोवर लीडर डॉ जितेन्द्र कांटिया ने सम्मानित किया ।प्राचार्य डॉ. एन एस नाथावत व रोवर लीडर डॉ. जितेन्द्र कांटिया ने बताया कि आशीष शर्मा एवं पंकज कुमार भारत स्काउट एवं गाइड की तरफ से तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली में 20 जनवरी से 4 फ़रवरी तक आयोजित हुई डायमंड जुबली जम्बूरी में भाग लेने गए थे ।जहां आशीष शर्मा को डायमंड जुबली जंबूरी में बेस्ट सर्विस मैन, और बेस्ट परफॉर्मेंस और बेस्ट रोवर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले आशीष शर्मा एवं पंकज कुमार ने दातारामगढ़ कैंप से राज्य पुरस्कार प्राप्त किया था। फिर आशीष कुमार शर्मा ने दार्जिलिंग में प्रथम राष्ट्रीय कैंप किया।

**सार्वजनिक सूचना** मेरे मुव्वकिल लालचंद जांगिड़ उम्र 46 वर्ष पुत्र श्री सीताराम जांगिड़ जाती जांगिड़ निवासी ग्राम पाबुसर तह. रतनगढ जिला चूरू हर खास व आम को सूचित करता हूं मेरे मुव्वकिल की एक पुत्री मनीषा उम्र 22 वर्ष पत्नी सांवरमल जांगिड़ निवासी ग्राम धातरी तह. सुजानगढ़ शादीशुदा दिनांक 05/02/2024 को रात्री में बिना बताये ही मेरे मुव्वकिल घर से जेवरात आदि चोरी करके ले गई थी, जिसकी गुमशुदी रिपोर्ट भी पुलिस थाना रतनगढ़ में दिनांक 06/05/2024 को दर्ज करवाई हुई है, जो आज तक वापिस नहीं आई है। लेकिन अभी तक मेरे मुव्वकिल की पुत्री मनीषा का कोई पता नहीं चला है। इसलिए मेरा मुव्वकिल अपनी पुत्री मनीषा को अपनी स्वपार्जित एवं पैतृक संपति से बेदखल कर दिया है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति मेरे मुव्वकिल की पुत्री मनीषा पुत्री लालचंद जांगिड़ से नगद राशि अथवा संपतियों बाबत स्वयंवहार नहीं करें अन्यथा उन सब दायित्वों की संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित पक्ष की होगी। जिसके लिये मेरा मुव्वकिल व उनके परिवार व मनीषा के ससुरालजन का कोई निकटतम सदस्य उक्त मेरे मुव्वकिल की पुत्री मनीषा के कृत्यों के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

पवन कुमार प्रजापत एडवोकेट

# इंदौरिया ने संपर्क अभियान के दौरान जालेऊ में कार्यकर्ताओं से संवाद किया

**रतनगढ़ (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी गोरीसर मंडल अध्यक्ष सुशील इंदोरिया ने कार्यकर्ताओं से संपर्क अभियान के तहत ग्राम जालेऊ में आत्मीय संवाद किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा सुशील इंदौरिया और स्वरूप सिंह राठौड़ का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इंदौरिया ने जालेउ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय पार्टी बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों अध्यक्षों व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की बात को भी गंभीरता से सुनती है।

भाजपा संगठन आधारित पार्टी है आज महिला कार्यकर्ताओ को भी समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके इस और भी पार्टी मजबूती से काम कर रही है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल जिला प्रतिनिधि स्वरूप सिंह राठौड़ ने केंद्र सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट तीन लाख से बढ़ाकर पाँच लाख करने के फ़ैसले को किसानों के लिए अमृत के समान बताया। इस दौरान नरपत सिंह राजपुरोहित कर्णपाल सिंह भवानी सिंह फोजी गंगा सिंह हरिराम माली सत्यपाल स्योरान रज़्ज़ाक़ ख़ान शुभकंवर उदय सिंह अजीत सिंह मुकेश राकेश मेघवाल रितु कंवर विकेस सिंह कमलेश रामलाल सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ग्रामीणों ने सुशील इंदौरिया और स्वरूप सिंह राठौड़ का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

Choice
The Joy of Earning

**चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड**

सीआईएन: U74999MH2016PTC281908

पंजीकृत कार्यालय: सुनील पटोदिया टॉवर, प्लॉट नंबर 156-158, जे.बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई शहर, मुंबई, महाराष्ट्र-400099

आरबीआई एनबीएफसी (रजि.) क्रमांक: एन-13.02216 वेबसाइट: https://choiceindia.com

**शाखा बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

कृपया सूचित रहें कि पैसाबड्डी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (PBFL) के साथ 22 अक्टूबर, 2024 को हुए बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट के बाद हमने दिनांक 08.05.2025 से नीचे दिए गए पते पर स्थित पैसाबड्डी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (PBFL) और चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड (CFPL) की शाखाओं को बंद करने का फैसला किया है। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे किसी भी सहायता के लिए नीचे दिए गए निर्दिष्ट/विलय किए गए पते पर विलय की गई शाखा पर जाएँ। कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि यह प्रक्रिया निर्बाध हो और ग्राहकों को कम से कम असुविधा हो।

| क्र. | कंपनी का नाम | बंद होने वाली शाखा | बंद होने वाली शाखा का पता | विलयित होने वाली शाखा का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीएफपीएल | फ़तेहपुर | दुकान नंबर- 111,112,113, प्रथम तल, सिटी सेंटर कॉम्पलेक्स, वार्ड नंबर 17, पुराना श्री परशुराम जी की आटा चक्की के पास, फ़तेहपुर, सीकर, राज- 332301 | ग्राउंड फ्लोर, लिंक रोड, वार्ड नं. 3, रतनगढ़, चूरू, (राजस्थान)- 313022 |
| 2. | पीबीएफएल | लक्ष्मणगढ़ | ग्राउंड फ्लोर, सिटी सेंटर, वार्ड नंबर 15, कबूतरिया कुआ के पास, लक्ष्मणगढ़ (राजस्थान) - 332311 | पहली मंजिल, 481-बी मुख्य जयपुर रोड, बालाजी धर्मकांटा के पास, सीकर, राजस्थान- 332 001 |
| 3. | पीबीएफएल | श्रीमाधोपुर | ग्राउंड फ्लोर वार्ड नंबर 03, हवादा मोड, श्रीमाधोपुर, सीकर (राजस्थान) - 332715 | बीकानेर बस स्टैंड, फ्रंट सी-मॉल, एनएच 52, रींगस- 332404 |

किसी भी प्रश्न के लिए, आपसे अनुरोध है कि कृपया हमारे ग्राहक सेवा टोल फ्री नंबर: 1800 203 5193 या ईमेल आईडी:- customercare.finserv@choiceindia.com पर सम्पर्क करें।